**खबर संक्षेप**

### निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने बालाघाट जिले अंतर्गत विभिन्न सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने राजीव गांधी मछुआ सहकारी समिति मर्या बोरी लालबर्रा के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए उप अंकेक्षक श्री अतुल राय को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त करने एवं अपील का निर्धारित अवधि में निराकरण करने के लिए उप आयुक्त सहकारित जिला बालाघाट को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### गंगा दशहरा के दिन की जाएगी मां वैनगंगा जी की महाआरती

**बालाघाट।** नमामि गंगे अभियान के तहत जल स्त्रोतों नदियां तालाब कुआ बावड़ियों के संरक्षण और साफ सफाई के लिए विशेष अभियान कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 से प्रारंभ है जिसमें नगर पालिका परिषद बालाघाट और नगर सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी संगठनो द्वारा बजरंग घाट, मोती तालाब ,देवी तालाब,समता तालाब,शंकर घाट ,ढीमरटोला माता मंदिर घाट,वैनगंगा नदी के छोटे पुल में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया एवं वृक्षारोपण किया गया । इस पखवाड़े की अंतिम चरण में 16 जून गंगा दशहरा दिन रविवार को मां गंगा धाम शंकर घाट समिति के साथ मिलकर शंकर घाट मंदिर परिसर की साफ सफाई अभियान किया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नहीं दे रहे ध्यान

# ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में प्राचीन तालाब की जीर्णोद्वार की मांग

मण्डला





जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में बनें वर्षो पुराने तालाब पर जिला प्रशासन की नजर नही पड़ रही है। यह तालाब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। भले ही जिले भर में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम किए जा रहे हों लेकिन इस महत्वपूर्ण तालाब की साफ-सफाई न होना अब चर्चा में आ चुका है। जबकि स्थानीय लोगों का मानना है कि यह तालाब वर्षो पुराना है जहां पर आसपास की पहाडि़यो का लाखों गेलन पानी हर बार बारिश में एकत्रित होता है। जिसका उपयोग वर्ष भर स्थानीय लोग करते हैं। वहीं मवेशियों की प्यास यह तालाब बुझाता है वहीं क्षेत्र के वाटर लेबल को बनाए रखने में इस तालाब की महत्वपूर्ण भूमिका है इसके बाद भी इस तालाब के जीर्णोद्वार साफ-सफाई और सुरक्षा के कोई भी उपाय नही किए जा रहे हैं। जिससे लोगों में रोष है वहीं तालाब में लगातार अतिक्रमण भी किया जा रहा है और माफिया रातों रात तालाब को मिट्टी मुर्रम से पूर रहे हैं और तालाब की जमीन को बेंच रहे हैं। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गई थी लेकिन जिला प्रशासन के जबावदार गहरी नींद में दिखाई दे रहे हैं।

#### अनेकों बार की जा चुकीं है शिकायतें

ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में मुख्य मार्ग से लगे प्राचीन तालाब को बचाने के लिए सरपंच सहित स्थानीय जागरूक नागरिक सक्रिय हो चुकें हैं। इस संबंध में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, राजस्व अधिकारी, थाना प्रभारी को शिकायत की गई थी। तालाब में सैकड़ो ट्राली, मुर्रम, पत्थर, गिट्टी हफ्ते दो हफ्ते में डाले जाते हैं और फिर धीरे से समतलीकरण कर कब्जा कर जमीन बेच दी जाती है। जिसकी शिकायत पूर्व में स्थानीय रहवासी सहित जागरूक नागरिकों के द्वारा की गई थी जहां से निस्तारी तालाब की भूमि पर कब्जा आदि का उल्लेख किया गया था 24 जनवरी 2018 को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मण्डला ने अपने आदेश में उक्त तालाब को मप्र शासन के नाम दर्ज करने के आदेश देते हुए तहसीलदार मण्डला को रिकॉर्ड सुधार के आदेश किए थे तब से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था लेकिन अब फिर एक बार उक्त तालाब में अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है। जबकि बड़ी खैरी स्थित भूमि खसरा नंबर 287 रकबा 7.50 भूमि तालाब शासन में निहित किए जाने वाले एसडीओ के आदेश को यथावत रखा गया है। लेकिन उक्त तालाब में ग्राम के घसीटा दमरी ढीमर द्वारा विक्रयपत्र के आधार पर नाम दर्ज करा लिया था। वास्तव में उक्त भूमि पूर्व में ही शासन में निहित हो चुकी थी।

#### पूर्व में भी दिया गया है आवेदन

ग्राम वासियों की शिकायत पर सुभाष द्विवेदी अतिरिक्त कलेक्टर, मण्डला द्वारा पूर्ण जॉच पड़ताल करके उक्त में शासन का नाम अंकित कराने का आदेश पारित किया जिसके पालन में राजस्व अमले ने उक्त भूमि में शासन का नाम दर्ज कर दिया गया जिसकी जानकारी सभी को है। ऐसी शासन भूमि तालाब मद में होने से पंचायत के नियत्रणधीन है। जबकि आवेदक दीनदयाल पटेल एवं समस्त ग्रामवासी खैरी द्वारा अपीलीय न्यायालय अपर कलेक्टर के अपीलीय आदेश 15 जून 2015 के चयन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र अपीलीय आदेश के छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर के अपीलीय प्रकरण क्रमांक 03(173)2011-12 आदेश 15 जून 2015 का अवलोकन किया गया। अपर कलेक्टर ने अपीलीय आदेश में इस न्यायालय को निदेर्शित किया है। अनुविभागीय अधिकारी मंडला के 000 2732-71/1962-63 पारित आदेश दिनांक 21 मार्च 1963 में यदि किसी प्रकार की अपील हुई हो तो नियमानुसार उस आदेश के अनुरूपक कार्यवाही किया जाना। सुनिश्चित करें। अनावेदकगणों को नोटिस जारी कर इस न्यायालय के आदेश दिनांक 21 मार्च 1963 के विरुद्ध यदि वरिष्ठ न्यायालय का कोई आदेश हो तो उसकी प्रति मंगायी गयी। अनावेदकगणों को पर्याप्त अवसर दिये जाने के बावजूद कोई अपीलीय आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया। आवेदकगणों द्वारा कलेक्टर के न्यायालय में अपील एवं अपीलीय आदेश को कापी प्रस्तुत की गयी। कलेक्टर महोदय अपीलीय प्रकरण क्रमांक 9 3.71 1964 65 आदेश दिनांक 07.09.1965 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मंडला के आदेश दिनांक 25.03.1965 को यथावत रखते हुए मुरारी लाल आत्मज शंकर लाल के अपील को खारिज कर दिया गया है एवं ग्राम खैरी में स्थित खसरा नंबर 287 रकवा 7.50 भूमि तालाब को शासन में निहित किये जाने वाले एसडीओ के आदेश को यथावत रखा गया है।

# अधूरे कार्य से ग्राम ददरगांव में पानी की त्राहि त्राहि पाईप लाईन बिछी, पानी टंकी का कार्य अधूरा

### जिला प्रशासन से ग्रामीणों ने टेंकर से पानी सप्लाई करने की मांग

नारायणगंज



नारायणगंज विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरा पोषक ग्राम ददरगांव में पानी की त्राहि त्राहि हो रही है। ग्राम में एक ही कुऑ है जो सूख गया है। कुंआ की झिर से थोडा बहुत पानी निकलता है। जिससे ग्रामीण बाल्टी में थोड़ा-थोड़ा एकत्र करके घड़ा एवं पानी टंकी भरते है। इसके साथ ही ग्राम में अन्य कोई जल स्त्रोत नहीं है। गांव से करीब दो किलो मीटर दूर एक हेण्डपम्प है। जहां से ग्राम के लोग लोग पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे है। ग्रामीणो ने बताया कि हाल ही में ग्राम पंचायत द्वारा सुबह शाम दो टेंकर पानी की व्यवस्था की थी। जिससे ही ग्राम के लोगों का काम चल रहा था, लेकिन ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों से कहां है कि आज 15 जून से पानी के टेंकर से पेयजल की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। जिसके बाद ग्रामीणों की फिर परेशानी बढ़ जाएगी। ग्रामीणो ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक तेज बारिश न हो जाए और कुएं, तालाब अच्छे से ना भर जाए, तब तक पानी टेंकर से सप्लाई की जाए।ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पेयजल का कार्य अधूरा पड़ा है। ग्राम में पाईप लाईन बिछाई दी गई है। पानी के लिए बोर भी कराया दिया गया है, लेकिन पानी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। पेयजल की उचित व्यवस्था ना होने के कारण पूरे गांव में पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है। ग्राम के इंदुलाल यादव, छोटेलाल, नन्हेलाल यादव, अंगद यादव, डुमारी, दुर्जन, मिहिलाल यादव, तितरा, कमलसिंह समेत ग्राम सभी ग्रामीणजनो ने मांग की है कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण शीघ्र कराया जाए। जिससे ग्राम में पेयजल की समस्या का निदान हो सके। वर्तमान में ग्रामीण अल सुबह उठकर हैंडपंप, कुंआ में जाकर पेयजल की व्यवस्था के लिए परेशान होते है। पूरा ग्राम पानी के लिए परेशान हो रहा है। जिला प्रशासन को इस समस्या की तरफ ध्यान देते हुए जल्द ही अधूरे पड़े कार्य को पूरा कराए। जिससे ग्रामीणों की परेशान समाप्त हो।

# सांसद कुलस्ते का मिष्ठान से किया तुलादान

### सातवीं बार बने मंडला सांसद फग्गन सिंह का प्रथम आगमन



**अंजनिया।** मंडला सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का अंजनिया में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान मंडल के कार्यकर्ताओं ने एनएच 30 अंजनिया के नजदीक बड़ा देव मंदिर बायपास पर श्री कुलस्ते का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके बाद वाहन रैली निकाल कर नगर में भ्रमण करते हुए बस स्टेंड पहुंचे। जहां भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बस स्टैंड अंजनिया परिसर में सांसद का मिष्ठान से तुलादान किया गया। इसके बाद वाहन रैली गायत्री मंदिर परिसर को प्रस्थान की, जहाँ रैली का समापन कर मंदिर प्रांगण में कार्यकर्ताओं से चर्चा कर आभार सभा आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी अखिल सिहारे, मंडल अध्यक्ष नीरज पटैल, वरिष्ठ कार्यकर्तागण, बूथ अध्यक्ष, एवं मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले शातिर बदमाश गिरफ्तार



**मण्डला।** जिले की नैनपुर पुलिस ने खेत में लगी पानी की मोटर चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को सिवनी जिले के घंसौर क्षेत्र से पकड़ कर लाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पिंडरई चौकी क्षेत्र से चोरी हुई करीब 19 हजार मूल्य की मोटर बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपी रामगोपाल पिता मुरारीलाल उड़ाली 35 वर्ष और रतन पिता किचा उइके 29 वर्ष दोनो निवासी पिपरिया थाना घंसौर जिला सिवनी बताए गए हैं। नैनपुर पुलिस ने बताया है कि विगत 7 मार्च को धर्राची निवासी किसान बहादुरसिंह भलावी ने खेत में सिंचाई के लिए रखी मोटर चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान प्राप्त सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने सिवनी जिले के ग्राम पिपरिया से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी हुई मोटर और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई। पुलिस कप्तान मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में थाना नैनपुर पुलिस को किसान के खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले आरोपियो को पकडऩे में सफलता मिली है। इस कार्रवाई में एसडीओपी नैनपुर नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेव सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पिंडरई उप निरीक्षक राजकुमार हिरकने, एएसआई सेवक राम टेमरे, गणेश चौधरी, आरक्षक महेंद्र परते का योगदान रहा।

# नैनपुर मंडला मार्ग में हादसा: एक मृत, दो घायल स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित हुई कार







मण्डला

नैनपुर से मंडला की ओर आ रही मारुति स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्राम झिरिया के नजदीक हुई इस दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी अनुसार सड़क हादसा नैनपुर थाना क्षेत्र का है। जहां एक मारुति स्विफ्ट कार ग्राम झिरिया के नजदीक स्टेयरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में चार लोग सवार थे। इस दुर्घटना में नितेश सिंगौर पिता अशोक सिंगौर की मौत हो गई, वहीं सुदीप विश्वकर्मा और भूपेंद्र पटेल घायल हुए हैं। जबकि एक अन्य कार सवार बालमुकुंद विश्वकर्मा को मामूली चोटें आई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नैनपुर अस्पताल पहुंचाया है। जहाँ शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। फिलहाल पुलिस विवेचना कर रही है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थानीय रपटा घाट में घाटों से हटाई काई एवं पत्थरों को समेट कर बनाई मेड़**

# जिला प्रशासन एवं प्रबुद्ध नागरिकों के सामूहिक सहयोग से चला रपटा घाट में सफाई अभियान







**मण्डला।** प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थानीय रपटा घाट में तीन दिवसीय सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष, सीएमओ नगरपालिका, जिले के प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी, नगर पालिका परिषद मंडला की टीम के सामूहिक सहयोग से मिलकर स्थानीय रपटा घाट में नीचे घाटों में जमी काई को साफ किया एवं जेसीबी मशीन के माध्यम से नदी में रखे हुए पत्थरों को समेट कर मेड़ बनाई। जिससे नदी में स्नान करने आ रहे नागरिकों को असुविधा नहीं हो एवं पानी का बहाव भी व्यवस्थित बना रहे। इसके साथ ही नागरिकों के द्वारा घाटों में जगह-जगह रखी हुई भगवान की छोटी-छोटी मूर्तियां को समेट कर एक जगह एकत्रित किया गया। इस अभियान में नगर पालिका परिषद की टीम, वृक्षारोपण समिति, समाज सेवी एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिक पुरुष एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहे। इसके साथ ही इस अभियान में श्रमदान करके सहयोग किया। घाटों की सफाई के साथ यहां आ रहे लोगों को भी गंदगी नहीं फैलाने के लिए प्रेरित किया गया एवं सभी के सहयोग से मां नर्मदा के घाटों में साफ सफाई रहे इसके लिए अपेक्षा की गई। बताया गया कि मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, इसके लिए सभी स्थानीय नागरिकों से श्रमदान के सहयोग के लिए अपेक्षा की गई।

### गाद निकालने तालाबों में उतरी जेसीबी, गंगा दशहरा पर होंगे आयोजन

**बालाघाट।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और जल स्त्रोत संवर्धन के कार्य किये जा रहें है। इसके अलावा श्रमदान और जनभागीदारी से भी साफ सफाई के साथ ही अलग अलग कार्य किये जा रहें है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा से पूर्व से प्रचलित कार्यो को अभियान के दौरान अधिकांश कार्यो को पूर्ण करने का भी लक्ष्य रखा गया। जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा ने गुरुवार को आयोजित हुई बैठक में बताया कि अब तक मनरेगा के 5507 कार्यो में से 1166 कार्य पूर्ण हो चुके है। इसमें सबसे अधिक कार्य लघु तालाब और खेत तालाब है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा दिये गए निर्देशों पर शुक्रवार से जनभागीदारी से तालाबों की गाद निकालने का कार्य भी प्रारम्भ हो गया है।जल गंगा संवर्धन अभियान में पहली बार हुआ है कि गाँवो में ऐसे स्थल जहां बारिश में कीचड़ और पानी भरा रहता है। ऐसे स्थलों का प्रमुखता से चिन्हांकन करके उसके आस पास साफ सफाई करने के अलावा रिचार्ज और सोखता गड्ढे बनाए गए। इसका प्रभाव बारिश में देखने को मिल सकेगा।

### प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री आज बालाघाट प्रवास पर होंगे

**बालाघाट।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज शनिवार को बालाघाट जिले के प्रवास पर होंगे। उनके दौरे कार्यक्रम अनुसार वे शनिवार प्रातः 8:30 बजे सिवनी पेंच राष्ट्रीय उद्यान से प्रस्थान कर 9:30 बजे बावनथड़ी नदी के उद्गम स्थल शाखा देही (कुरई) पहुचकर जल गंगा संवर्धन अभियान पर जनसमुदाय से चर्चा करेंगे। यहाँ से 10:15 बजे वे ग्राम कोडवी कटंगी से प्रस्थान कर 11:15 बजे चंदन नदी के उद्गम स्थल ग्राम अम्बामाई नहलेसरा (कटंगी) पहुचकर जनसमुदाय से भेंट करेंगे। 12:30 बजे कास नदी के उद्गम स्थल ग्राम रमरमा वारासिवनी में जनसमुदाय से चर्चा कर दोपहर 2 बजे बालाघाट पहुचेंगे व रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

# सट्टा एक्ट में बीजाडांडी के दो सटोरी पर दबिश आरोपियों के कब्जें से 10 हजार 850 रूपए किए जब्त

**मण्डला।** मंडला पुलिस अवैध कारोबार, अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी केचलते थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा टीम गठित कर सट्टा पट्टी का खेल खिलाने व लिखने वालो के विरूद्ध दबिश देकर कार्यवाही की है।

जानकारी अनुसार ग्राम बीजाडांडी के क्षेत्रीय ग्रामीण बैक के बाजू से आरोपी विमलेश बर्मन पिता स्व. फागू लाल बर्मन 42 साल निवासी ग्राम बीजाडांडी जिला मंड़ला के कब्जे से एक अंक लिखी सट्टा पट्टी, जुमला रकम 7700 रूपये और एक नीले रंग का डॉट पेन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ग्राम खूटापडाव सलैया रोड़ से आरोपी आशोक यादव पिता संतोष यादव 29 साल निवासी ग्राम बीजाडांडी के कब्जे से एक अंक लिखी सट्टा पट्टी, नगदी जुमला रकम 3150 रूपये व एक नीले रंग का डॉट पेन को जप्त कर आरोपी आशोक यादव के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दोनो आरोपियो से कुल 10 हजार 850 रूपये की जब्त किए गए है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पंवार, उपनिरीक्षक राम किशोर माथरे, मानिक पटले, पंकज विश्वकर्मा, सहायक उपनिरीक्षक छवि लाल सूर्यवंशी, जयराम सैय्याम, प्रधान आरक्षक चैन सिंह कुलस्ते, संतलाल उइके, आरक्षक प्रशांत अवस्थी, रोहित कुमार कुशवाहा, महेन्द्र मार्को, पंचम धुर्वे, अलोक मरावी, खिलेन्द्र, नीरज बाकले, श्रवण पुडिया, हेमराज मर्सकोले, प्रमोद शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# 8 गुम मोबाईल तलाश कर वास्तविक मालिकों को सौंपे

### सीईआईआर पोर्टल में दर्ज शिकायत पर नैनपुर पुलिस ने दो माह में 31 मोबाईल ढूंढे



**मण्डला।** सीईआईआर पोर्टल पर मोबाईल फोन गुमने की शिकायत दर्ज की जा रही है। विगत 2 माह में 31 मोबाइल तलाश कर नैनपुर क्षेत्र के वास्तविक मोबाइल धारकों को मोबाइल दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गुम मोबाइलों की शिकायतों में कार्यवाही करते हुए तलाश कर उनके वास्तविक मालिक को दिये जाने के निर्देश दिये गये थे। बताया गया कि मोबाइल धारकों के द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर भी अपनी आनलाईन शिकायत दर्ज करायी थी। थाना नैनपुर अंतर्गत गुम मोबाइल की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा 08 नग मोबाईल ढूंढ कर उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को दिया गया। गुम हुए मोबाईल वापस पाकर मोबाईल धारको ने नैनपुर पुलिस को धन्यवाद दिया है। मोबाइल की तलाश में थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा, उप निरीक्षक निधी नेमा, आरक्षक प्रशांत चौधरी, सायबर सेल मंडला टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। बता दे कि थाना नैनपुर पुलिस ने लगातार फोन ट्रेस कर विगत 02 माह में 31 मोबाइल खोजकर उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को मोबाइल लौटाये गए है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमति मौलासरिया का निधन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के चांवडी रोड निवासी समाजसेवी विश्वनाथ मौलासरिया की धर्मपत्नी व शरद मौलासरिया की माताश्री श्रीमति कृष्णादेवी मौलासरिया का बीते हुये दिवस निधन हो गया। इस तरह श्रीमति मौलासरिया के निधन पर नगर के अनेक लोगों द्वारा शोक प्रकट करते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किये। वही श्रीमति मौलासरिया का अंतिम संस्कार आज नगर के शांतिवन शमशान घाट पर किया जावेगा।

### आटो चालक से मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश वार्ड निवासी एक आटो चालक द्वारा पुलिस थाने मकें अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में बीते हुये दिवस नगर के बीटीआई स्कूल के पास किसी काम से गया हुआ था। उसी समय रेलवे स्टेशन पर आटों खड़े करने की बात को लेकर राजू राजपूत तथा प्रहलाद राजपूत द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शासकीय कार्यालयों में दिव्यागों की सुविधाओं की दरकार

गाडरवारा। तहसील में चिन्हित दृष्टिबाधित, अस्थिवाधित तथा अन्य तरह के दिव्यांग प्रदेश सरकार की योजनाओं से काफी हद तक आत्मनिर्भर होते चले जा रहे है, किन्तु नगर के शासकीय कार्यालयों, बैक शाखाओं, बस स्टेन्ड, रेल्वे स्टेशन पर इन दिव्यागों को सुविधााएं देने पर अभी तक ध्यान न देने का नतीजा है कि उक्त स्थानों पर अपना जरूरी काम कराने जाने वाले इन दिव्यागों को दूसरों का सहारा लेने विवश होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार अधिकांश शासकीय विभागों, चिकित्सालय में दिव्यागों की सुविधाओं के मद्देनजर व्हील चेयर, अपना काम कराने के लिए दिव्यांग काउन्टर नही है। इस हालत में शहर ओर क्षेत्र के गांवों से आने वाले दिव्यागों को इन शासकीय कार्यालयों में अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के दिव्यागों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया है कि दिव्यांग चलने फिरने में लाचार होते है, लेकिन समाज के विकास में सहभागी बनने की क्षमता रखते है, सरकार द्वारा उनके जीवनयापन के लिए मासिक पेंशन देकर उन्हें जरूर सहारा दिया जा रहा है पर राजस्व न्यायालय, पोस्ट आफिसों सहित नगर के अधिकांश शासकीय विभागों में अभी तक दिव्यांगों को जरूरी सुविधाएं नसीब न होने से उनका जीवन कठिन होता जा रहा है।

### बिजली की हो रही कटौती से आमजन परेशान

चीचली। इन दिनों बिजली की हो रही अंधाधुंध अघोषित कटौती के चलते जहां क्षेत्र के किसान तो परेशान हो रही है वही दूसरी ओर गर्मी के दौरान आमजन को भी परेशानी का सामना करते हुये देखा जा रहा है। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा बिजली विद्युत कार्यालय के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौपा गया है। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस समय जिस तरह बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है उसके कारण जहां किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसल खराब हो रही है तो दूसरी ओर पीने के पानी को लेकर भी आमजन को परेशान होना पड़ रहा है।

### आटो चालकों द्वारा खुलेआम किया जा रहा खिलवाड़

सांईखेड़ा। इस समय नगर सहित क्षेत्रों सड़कों पर दौड़ रहे आटों चालकों की इस प्रकार की मनमानी देखने मिल रही है कि वह जहां यातायात व्यवस्था को बदहाल बना रहे है, वही दूसरी ओर आये दिन देखा जाता है कि जहां तहां आटों खड़े कर दिये जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, वही दूसरी ओर ओवर लोडिंग आटों चलाना आम बात हो रही है।

**आरोपियों के पास से दो मोटर साईकिल सहित घटना में उपयोग किये खून से सने चाकू किये जप्त, मनीष चौकसे ने 50 हजार में सुपारी देकर कराई वृद्व की हत्या...?**

# अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में सफल हुई मिश्रा व तिवारी की जोड़ी

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका/गाडरवारा। कहा जाता है कि जब पुलिस अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा के साथ करते हुये देखे जाते है तो अपराधी पुलिस की पकड़ से ज्यादा समय तक दूर नही रह पाते है और कानून की पकड़ में आ ही जाते है। इसी लिये कहा जाता है कि कानून के हाथ लम्बे होते हुये इस सच्चाई को गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मित्रा तथा टी आई उमेश तिवारी की टीम द्वारा सच साबित करने के साथ 65 वार्षिय वृद्व के अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के साथ आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल करते हुये वर्दी की ताकत को उजागर कर दिया गया है। इस तरह अंधे हत्याकांड की गुत्थी झुलझाने में पुलिस की सफलता का बीते हुये दिवस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैल सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा पत्रकार वार्ता के दौरान खुलासा करते हुये बताया कि बीते हुये 11 जून को पुलिस द्वारा सूचना मिली की समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत सालीचौका से पौड़ार जाने वाले मार्ग पर झोपडी में निवासी करने वाले 65 वार्षिय शीतल ठाकुर नामक व्यक्ति की रात में सोते समय चाकूओं से हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर देखा तो मृतक का शव उसके विस्तर के पास दलहान में पड़ा हुआ था। वही इस घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये इस अंधे हत्याकांड की शीघ्र की गुत्थी सुलझाते हुये आरोपियों को खोजने के आदेश जारी किये गये थों। वही पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करने के प्रार्थी बैनी प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम सांवरी की रिर्पोट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। वही आरोपियों की खोजबीन के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैरिया के मार्ग दर्शन तथा उप







पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। बनाई गई इस टीम में गाडरवारा टी आई उमेश तिवारी के साथ चौकी प्रभारी सालीचौका उप निरीक्षक अभिषेक पटेल, उप निरीक्षक नीलेश ,उप निरीक्षक सरोज राम सखा, सहायक उप निरीक्षक अंतराम चौरसिया, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, संदीप रघुवंशी, करन सिंह, रामगोपाल सिंह राजपूत,तथा आरोपियों को नगर नजर में पहचान करने में माहिर माने जाने वाले वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, रूपेन्द्र चौबे, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी बल्लू ,दिनेश पटेल, हेमराज,सुधांशु त्रिपाठी, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, हरिशंकर पटवा, आकाश बारोलिया, शिवम गुर्जर, धारा सिंह, नीरज डेहरिया, कुलदीप सिकरवार के आलवा वाहन चालक आरक्षक नागवंशी सहित रामसिंह सैनिक राजेश कौरव को शामिल किया गया था। अधिकारियों द्वारा अपने खुलासे में बताया कि घटना की स्थिति को ध्यान में रखते हुये पुलिस द्वारा अलग अलग बिंदुओं पर जांच शुरू करने के साथ संदेहियों को उठाते हुये पूछताछ की गई। वही दूसरी ओर मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मनीष उर्फ बब्लू चौकसे, मुकेश लोधी एवं धमेन्द्र ठाकुर को उठाकर जब पूछताछ की गई तो पहले वह इस घटनाक्रम में किसी तरह भी शामिल होने की बात से इंकार करते रहे। मगर कहा जाता है कि जब कानून अपनी पर आता है तो मुर्दा भी सच्चाई बताने से नह चूकते है? और यही हुआ कि पकड़े गये इन आरोपियों द्वारा भी 65 वार्षिय वृद्व की हत्या करने की बात स्वीकार करते हुये संपूर्ण घटनाक्रम को पुलिस के सामने उजागर कर दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों द्वारा की गई हत्या के कारणों की सच्चाई से अवगत कराते हुये बताया कि आरोपी मनीष उर्फ बब्लू चौकसे द्वारा उसकी मौजा पनागर की करीबन 9 एकड़ पैतृक जमीन जो पूर्व में समतो बाई प्रधान (आदिवासी) के नाम पर थी एवं नर्मदा शुगर मिल के सामने एक अन्य ठाकुर समाज के नाम की 10 डिसमिल भूमि (प्लॉट) को पुरानी जान-पहचान के चलते मृतक की पुत्री के नाम से रजिस्ट्री करवा दी थी । वही इस जमीन पर लोन लेकर मनीष चौकसे ने करीबन 60 लाख रूपये लगाकर तथा मृतक की पुत्री के नाम से करीबन 30 लाख रूपये लोन लेकर होटल निर्माण कर रहे थे । वही घटना के आरोपी मनीष चौकसे द्वारा उक्त दोनों भूमि की रजिस्ट्री किसी अन्य के नाम पर करने की कहने पर मृतक की पुत्री द्वारा आनाकानी की जाने लगी । इसी बात को लेकर उसके परिवार को डराने के उद्देश्य से करीब एक माह पूर्व अपने दोस्त मुकेश लोधी एवं धर्मेन्द्र ठाकुर के साथ मिलकर मृतक शीतल ठाकुर को जान से मारने की योजना तैयार की गई तथा आरोपी मनीष चौकसे द्वारा शीतल ठाकुर की हत्या के एवज में मुकेश लोधी एवं धर्मेन्द्र ठाकुर को 50000 रू. देना तय हुआ खर्चे के लिये 2,000 रूपये एडवांस दिये गये थें। जिसके चलते आरोपियों द्वारा मौके का इंतजार किया जा रहा था कि जब घर में कोई नही होगा उस दिन घटना को अंजाम दिया जावेगा। 10 जून को जब मृतक की बहू की डिलवरी होने के कारण पूरा परिवार नरसिंहपुर जिला अस्पताल में होने के चलते शीतल घर में अकेला था और यह बात कन्फर्म करने के लिये दोपहर 2 बजे मृतक शीतल ठाकुर के घर जाकर मुकेश लोधी एवं धर्मेन्द्र ठाकुर ने मृतक शीतल ठाकुर से कुछ देर बात कर घर में उपस्थित लोगों के विषय में जानकारी ली फिर वापस मनीष चौकसे के साथ उसके प्लॉट वापस आ गये । इसके बाद उसी दिवस यानि की 10 जून की रात करीबन साढ़े 9 बजे प्लॉट से निकलकर एक मोटर साईकल से मनीष चौकसे तथा एक अन्य दूसरी मोटर साईकल में मुकेश लोधी एवं धर्मेन्द्र ठाकुर निकलकर मृतक के घर पहुंचे उस दौरान शीतल ठाकुर घर में सो रहा था उसी दौरान मुकेश लोधी एवं धर्मेन्द्र ठाकुर ने बुजुर्ग शीतल ठाकुर की चाकूओं से कई वार किये और हत्या कर मौके से भाग गये और मनीष चौकसे के पास पहुंचकर बताया कि काम हो गया। वही दूसरी ओर मनीष चौकसे ने घटना में प्रयुक्त दोनों मोटरसाईकलों को नर्मदा शुगर मिल के सामने स्थित प्लॉट में छिपा दी तथा मुकेश लोधी एवं धर्मेन्द्र ठाकुर ने हत्या के लिये उपयोग में आये दोनों चाकू तथा घटना के समय पहने कपड़े नयाखेड़ा स्थित गौ-शाला के पास जाकर जला दिये थें। इस तरह पुलिस ने आरोपी मनीष उर्फ बब्लू पिता रविशंकर चौकसे उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड क्र.02 सालीचौका के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन,स्प्लेंडर मोटर साईकल तथा एचएफ डीलक्स मोटर साईकल तथा आरोपी मुकेश पिता मुन्नालाल लोधी उम्र 42 वर्ष निवासी नयाखेड़ा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू तथा घटना समय पहने जले हुए कपड़े इसी प्रकार से आरोपी धर्मेन्द्र पिता होतीलाल ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी नयाखेड़ा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू तथा घटना समय पहने जले हुए कपड़े जप्त करते हुये तीनों आरोपियों को गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये जेल भेजा गया है। इस तरह पुलिस द्वारा अंधे हत्या कांड की गुत्थी सुलसने में सफलता प्राप्त करने के साथ साथ आरोपियों को गिरप्तार कर लिया गया है। वही पुलिस ने बताया कि इस अंधे हत्या कांड के आरोपी मनीष चौकसे द्वारा जमीन की बात को लेकर मुकेश तथा धमेन्द्र को शीतल का हत्या करने के लिये 50 हजार रूपया में सुपारी दी गई थी।

# छत्तीसगढ़ से आये हुये मुख्यमंत्री के परिजनों ने गाडरवारा कौरव सामाजिक बुधंओं के घर पहुंचकर की मुलाकात





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे प्रांत में पहुंचता है और उसे पता चलता है कि यहां पर हमारे सामाजिक बंधु निवास करते है तो उसके दिल में अपने सामाजिक भाईयों से मिलने की जिज्ञासा अपने आप ही बढ़ जाती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनों पडौसी प्रदेश यानि की छत्तीसगढ़ प्रांत के मुख्यमंत्री विष्णदेव शाह के भतीजी तथा उनके भतीजा दमाद अपेन्द्र सिंह पेकरा (कौरव) अपने अन्य परिजनों के साथ मध्य प्रदेश के पचमंडी घूमने आये तो इस दौरान उन्होंने कौरव समाज के वरिष्ठ सेवा निवृत डिप्टी कलेक्टर मोहन पटैल नारगी व महेन्द्र सिंह पटैल

**शिरोमणी चौधरी सहित गौतम भैया ने किया भव्य स्वागत**

मगरमुंहा के साथ मिलकर पंचमढी का भ्रमण किया गया। इसके बाद छत्तीशगण मुख्यमंत्री के दमाद अपेन्द्र सिंह पेकरा जो इस समय छत्तीशगण प्रांत के सरपंच सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष है उनके द्वारा मध्यप्रदेश के गाडरवारा क्षेत्र में निवास करने वाले अपने सामाजिक बंधुओं से मुलाकात करने की इच्छा जाहिर की गई तो वह शिरोमणी चौधरी छुट्टन भैया तथा गौतम सिंह पटैल के घर पहुंचे जहां पर छत्तीशगण प्रांत आये इन सामाजिक बंधुओं का दोनों घरों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अपेन्द्र पेकरा द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुये कहा कि हम आज अपने बंशज लोगों से मिलकर बड़ी खुशी हो रही है। वैसे भी मोहन सिंह पटैल व महेन्द्र भैया जब भी छत्तीशगण पहुंचते है तो मुलाकात करने से नही चूकते और हम लोगों को यहां आने के लिये आमंत्रण देने से नही चूकते थें। आज हम लोगों को अपने सामाजिक बंधुओं से मिलने का अवसर मिला और पहली मुलाकात में अपनी समाज से जो गाडरवारा में स्नेह मिला है इसे हम कभी भुला नही सकते है और यह स्नेह हम बार बार आने के लिये प्रेरित करने से नही चूकेगा। इस दौरान उन्होंने गाडरवारा क्षेत्र में अपने बेटी बेटियों के संबंध स्थापित करने की भी इच्छा जाहिर करते हुये कहा कि यदि इस परम्परा की शुरूआत हो जाती है तो निश्चित तौर से कौरव समाज का छत्तीशगण व मध्य प्रदेश के सामाजिक बंधुओं के बीच जुडाव में चार चांद लगने से नही चूकेगे तथा समाज के नये अध्याय की शुरूआत हो जावेगी। इस दौरान कौरव समाज के वरिष्ठ डा पुरूषोत्तम कौरव रहली, पूर्व डिप्टी कलेक्टर मोहन सिंह पटैल नारगी, महेन्द्र सिंह पटैल मगरमुंहा, चौधरी कृष्णपाल सिंह छुट्टन भैया, गौतम सिंह पटैल, रचित कौरव, पत्रकार विनोद सिंह कौरव, लाल साहब कौरव, समीर कौरव, अंकुश कौरव सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थें।

# शहीदी दिवस पर सिख समाज ने राहगीरों का वितरित किया ठंडा शर्बत



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सिख समुदाय के पांचवे गुरू अर्जुन देव महाराज के शहीदी दिवस के पर्व पर बीते हुये मंगलवार को स्थानीय पलोटन गंज स्थित शक्तिधाम देवी मंदिर में नगर के शिख समाज बंधुओं ने दोपहर में भीषण गर्मी से हलाकान राहगीरों व वाहन चालकों को प्रसाद के रूप में ठंडे मीठे शर्बत का वितरण कर लोगों को पैगाम दिया कि वे धर्म और देश की रक्षा करने सदा तत्पर रहे और युवा पीढ़ी को प्रेरित करे कि शहीदों के आदर्शो को आत्मसात कर अपना जीवन सफल बनाये, बताया जाता है कि इस सर्बत वितरण का आयोजन नगर के नवनीत मल्होत्रा की ओर से बीते कई वर्षो से किया जा रहा है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी सुबह 10 बजे उन्होंने गुरू अर्जन देव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सर्बत वितरण का शुभारंभ किया गया जो दिन भर चलता रहा। इस मौके पर अर्चित मल्होत्रा, सुमित सिंह छाबड़ा, रविकांत मिश्रा के आलवा समाज सेवी दम्मा दादा सहित अन्य लोग शामिल थें जिन्होंने राह चलते हुए लोगों को रोक रोककर शर्बत का वितरण किया गया।

### नगर के बीचों बीच रात भर होने वाली ठोका पीटी से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर मा. न्यायालय द्वारा रात 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनि यंत्रों पर रोक लगा रखी है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर के मध्य जहां तहां खुले वार्क शांप सहित अन्य लोहे का सामन बनाने वाले तथा कथित खारखाने नुमा दुकानों पर रात रात भर लोह के समान की ठोका पीटी होने के कारण लोगों को जहां रात में सोने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वही दूसरी इन दुकानों पर लोहे की ठोक पीट के चलते घरों में वृद्ध मरीज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के मध्य अनेक जगहों पर लोहे की ट्राली सहित अन्य वस्तुओं का रात रात भर निर्माण करते हुए जमकर ठोक पीट की जाती रहती है, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र में निवास करने वाले लोग सो नही पा रहे है, इस प्रकार से रात भर ध्वनि करने वालों के खिलाफ न तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही पुलिस प्रशासन जिसके चलते इनक हौसले बुलंद बताये जा रहे है? जिसका उदाहरण इस समय के अंदर संचालित हो रहे अनेक वर्कशांपों देखने मिल रहा है, जहां पर बताया जाता है कि नगर के रहवासी इलाको में रात रात भर लोहे की ठोक पीट होती रहती है, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है? वही जानकारो के अनुसार बताया जाता है कि इस प्रकार के लोहे से बनने वाले सामन की दुकान व वर्क शांप नगर के अंदर वह रहवासी क्षेत्रों में स्थापित नही किये जा सकते है? फिर भी नगर में प्रशासन की अनदेखी के चलते जहां तहां बैलडिंग मशीन चल रही है, वही लोहे से बनने वाले समान की दुकाने जिसके कारण नगरवासियों का परेशान होना पड़ रहा है।

# अधिकारियों की उदासीनता के चलते लगातार गायब ही रही जनपद भवन की शासकीय संपत्ति....

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर सरकार द्वारा नगर विकास से लेकर अन्य प्रकार के निर्माण कार्यो के लिये मनमानी राशि भेजी जा रही जिसके चलते अधिकारियों की देखरेख में निर्माण कार्य तो चल रहे है मगर उन निर्माण कार्य की सच्चाई किसी से छिपी नही होती है तो अपने निमार्ण के चंद दिवस उपरांत ही अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद बताने से नही चूकते है और यदि आज से लगभग 40-50 वर्ष पहले हुये निर्माण कार्यो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उनकी मजबूती आज भी बुलंद इमरतों को लेकर खड़ी हुई देखी जा रही है? मगर हैरत की बात है कि इस तरह अपनी मजबूती से परिपूर्ण इन शासकीय भवनों को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज करते हुये जिस प्रकार नये भवनों के निर्माण में राशि खर्च की जा रही है वह सिर्फ शासकीय राशि का होली खेलना ही साबित होने से नही चूक रहे है? यदि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों में शासकीय भवनों को लेकर सुरक्षा की भावना होती तो निश्चित तौर से वर्षो पुराने जर्जर स्थिति में पहुंचे इन शासकीय भवनों का जीर्णोधार करते हुये उनकी सूरज बदलते हुये इन्हें उपयोग में लाया जा सकता था? मगर इस तरह लाखों की लागत से बने हुये मजबूत स्थिति में इन भवनों की ओर न तो जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी प्रकार से ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिसका परिणाम है कि यह शासकीय भवनों में लगी हुई कीमती संपत्ति लगातार चोरी होते हुये गायब होने से नही बच पा रहा है? इस सच्चाई का उदाहरण नगर में तहसील कार्यालय व पुलिस थाने से चंद कदम दूरी पर स्थित सांईखेड़ा जनपद की संपत्ति यानि की जनपद भवन जिस तरह बदहाली का शिकायत हो रहा है इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि इस भवन में लगी हुई शासकीय संपत्ति चोरी होने का क्रम बंद नही हो रहा है और इस भवन के मुख्य द्वारा पर लगा हुआ लोहे का गेट जिसकी कीमत निश्चित तौर से हजारों में होगी वह अचानक गायब हो चुका है? मगर हैरत की बात है कि इस तरह शासकीय भवन का गेट गायब होने की घटना को आज चार से पांच दिन का समय निकल जाने के बाद भी किसी अधिकारी ने इसको लेकर न तो पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने की ओर ध्यान दिया गया है और इसी का परिणाम है कि इस तरह शासकीय भवनों में लगी हुई सामग्री लगातार गायब होती चली जा रही है और जिम्मेदारों की चुप्पी के चलते चोरों के हौसले बुलंद हो रहे तो चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी माला माल होते दिखाई दे रही है?



# लाखों की लागत से बना पेशाबघर लगा रहा नपा के स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर पालिका की संपूर्ण व्यवस्था भगवान भरोसे होने जैसा नजारा इस समय जिस प्रकार से दिखाई दे रहा है कि नगर साफ सफाई व्यवस्था जहां पटरी से उतरी हुई दिखाई पड़ रही है। वही दूसरी ओर से प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर फैल रही गंदगी नपा के स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगाने में भी कोई कसर नही छोड़ रही है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी के पास आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर लाखों की लागत से बने हुये डीलक्स पैशाब घर से निकली वाली गंदगी काम्पलेक्स की दुकानों के चारो ओर फैलने के कारण इससे निकलने वाली दुर्गन्ध के चलते आमजन का सांस लेना मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि बीते हुये कुछ वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा लाखों रूपया की लागत लगाते हुये यहां पर डीलक्स स्थिति के रूप में इस सोच के चलते पैशाब घर का निर्माण कराया गया था कि यहां पर लगने वाले सब्जी बाजार सहित काम्पलेक्स के दुकानदारों व आमजन के लिये पैशाब घर की व्यवस्था बन जावेगी, जिसके चलते शुरूआती तौर में तो इस पैशाब घर की नियमित साफ सफाई होते हुये दिखाई दे रही थी। मगर बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि शायद ही कभी इस पैशाब घर की सफाई होते हुये देखी गई हो, इस स्थिति के चलते जहां लाखों रूपया की लागत से बना हुआ डीलक्स पैशाब घर गंदगी से बजबजा रहा है। वही दूसरी ओर इससे निकलने वाली गंदगी काम्लेक्स में आमजन के लिये बनाये गये रास्ते पर बहकर आने के कारण लोगों का यहां से सिर्फ निकलना ही नही बल्कि इस गंदगी से उठने वाली दुर्गन्ध के चलते इस काम्पलेक्स के दुकानदारों सहित नगरवासियों का सांस लेना तक मुक्लि हो रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती, अटल ज्योति योजना पर खड़े हो रही सवाल?

हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा। जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को 24 घंटे बिजली उलब्ध कराने हेतु बड़ी ही जोर शोर से अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था। मगर इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन लगातार कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती के चलते जहां लोग परेशन होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर सरकार की अटल ज्योति योजना पर लोगों द्वारा सबाल खड़े करते हुए इसे अटक ज्योति योजना का नाम दिये जाने लगा है? इस संबंध में बताया जाता है कि चीचली नगर सहित सिंहपुर, आंडेगांव, गोटीटोरिया, पुंआरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती के चलते जहां आम लोग परेशान हो रहे है वही दूसरी ओर इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान लोगों की नींद हराम होती चली जा रही है। वही लोगों का कहना है कि यदि आने वाले और भीषण गर्मी के दिनों में यदि बिजली कटौती का यही आलम बना रहा तो लोगों का जीना मुश्किल हो जावेगा? जानकरी के अनुसार दिन और रात में की जा रही बिजली कटौती के कारण बच्चों बुर्जुगों के साथ महिलाओं की नीद उड़ गई है। इस संबंध में जब विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय एवं पावर हाउस में में बिजली कटौती को लेकर संपर्क किया जाता है तो वहा से एक ही जबाब मिलता है कि लाईन गाडरवारा से बिजली बंद होने के कारण हम कुछ नही बता सकते है या फिर कह दिया जाता है कि मेंनेटेन्स चल रहा है इस लिए बिजली बंद है? इस प्रकार से सुधार कार्य के नाम पर आये दिन कई घंटों तक बिजली बंद की जा रही है जिसके चलते जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति तो प्रभावित होते हुए देखा जाता है, वही किसान भी अपने खेतों में लगाई गई गन्ना सहित अन्य फसलों में पानी देने के लिए परेशान होते हुए देखे जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक बना कचरा घर, नगर परिषद की अनदेखी

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** नगर परिषद शहपुरा के द्वारा कई बार नगर के मुख्य मार्ग पर शहीदो के लिए बनाए गये शहीद स्मारक का जीर्णोद्वार के लिए लाखो रूपये खर्च किये पर हालात आज भी जस के तस बने हुए है राष्ट्रीय त्यौहार जैसे पन्दह अगस्त व 26 जनवरी के अलावा शहीद दिवस में ही शहीद स्मारक की साफ सफाई की जाती है बाकी समय शहीद स्मारक को स्थानीय व्यापारी व ठेले वाले इसे कचरा घर के रूप में इस्तेमाल करते है इसी कारण शहीद स्मारक कचरा घर के रूप तब्दील हो गया है। नगर परिषद शहपुरा के द्वारा शहीद स्मारक का कई बार लाखो रूपये खर्च कर जीर्णोद्वारा करवाया गया पर हालात आज भी जस के तस बने हुए इस स्मारक में लगे हुए पेड की छटाई नहीं होने से जंगल सा नजार बन जाता है साथ ही गाजर घास ने पूरी तरह से स्मारक में कब्जा कर लिया है बिना साफ सफाई कराये अभी कुछ दिन पहले नगर परिषद ने स्मारक में लगे फब्बारे को चालू कर दिया जिसे देख लोग प्रतिदिन कहते नजर आते है कि नगर परिषद कितना जागरूक है जो बिना साफ सफाई कराये स्मारक में फब्बारा को चालू कर दिया गया है जिससे गाजर घास व अन्य घास पनप रही है।

-नही होती नियमित साफ सफाई

विगत वर्ष शहीद स्मारक शहपुरा में शहीदो की याद में शहीदो का स्मारक बनाया गया व उनकी मूर्ति स्थापित की गई जिसके बाद स्थानीय लोगो को लगा था कि अब इस स्मारक की नियमित साफ सफाई होती रहेगी परन्तू हालात जस के तस आज भी बने हुए शहीद स्मारक की साफ सफाई राष्ट्रीय त्यौहारो तक ही सीमित रह गई है वही नगर के जनप्रतिनिधी इस सब को देख आंख मूदकर बैठे हुए है।

### कलेक्ट्रेट के निष्प्रयोजित वाहनों की नीलामी 5 जुलाई को

**अनूपपुर।** जिला कार्यालय अनूपपुर में निष्प्रयोजित वाहन कार पंजीयन वर्ष 2006, जीप पंजीयन वर्ष 2008, जीप पंजीयन वर्ष 2005 निर्धारित शासकीय ऑफसेट मूल्य, वाहन जहां पर जिस स्थिति में है के घोष विक्रय हेतु नीलामी प्रभारी अधिकारी नजारत कलेक्ट्रेट अनूपपुर के समक्ष 5 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे नियत की गई है। जिस किसी को उपरोक्त घोष विक्रय में उपस्थित होना हो, वह निर्धारित शर्तों के अधीन उपस्थित हो सकता है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बताया है कि इच्छुक बोलीदार नीलामी किए जाने वाले वाहन का विवरण, नीलामी की शर्तें, अमानत राशि के संबंध में नीलामी सूचना आदि विवरण कार्यालय कलेक्ट्रेट नजारत शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सामान्य पूर्वाभ्यास सम्पन्न

**अनूपपुर।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम का सामान्य पूर्वाभ्यास (योगा काउंटडाउन) जिला मुख्यालय स्थित सामतपुर तालाब परिसर में प्रातः 7 से 7:45 बजे तक आयोजित किया गया। काउंटडाउन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी सहित अन्य प्रतिभागियों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षण नयन कुमार मिश्रा द्वारा दिया गया। योग प्रशिक्षक नयन कुमार मिश्रा ने योग क्रियाओं के संबंध में जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया। जिले के विभिन्न विद्यालयों तथा स्थानों पर भी सामूहिक योगाभ्यास के काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी ने 21 जून को आयोजित दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम में जिलेवासियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सहभागिता की अपील की है। जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के मैदान में 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे से 7:45 बजे तक विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

विद्यार्थियों ने व्यक्त किये अपनी सीख के अनुभव

# एक माह से संचालित संस्कार समर कैंप का समापन समारोह सम्पन्न

**-जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने प्रसस्थि पत्र एवं मैडल से किया पुरस्कृत**
**-गायन वादन वैदिक गणित का सामूहिक प्रदर्शन**





**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा कलेक्टर डिंडौरी विकास मिश्रा के निर्देशन में विगत एक माह से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित संस्कार समर कैम्प शहपुरा का समापन समारोह जनपद अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिक्षक अश्विनी साहू ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन एवं गीत से हुआ।
उल्लेखनीय है कि सभी पंजीकृत सभी विद्यार्थी एक माह तक संस्कार समर कैम्प में नियमित आकर विविध रूचि की विधाये सुंदर लेखन/-श्रुतलेखन,वैदिक गणित इंग्लिश स्पोकन संगीत वादनध्गायन पेंटिंग एवं क्राफ्ट योगाध्एरोबिक्स नेतृत्व क्षमता विकास बौद्धिक मार्गदर्शन प्रेरक मूवी प्रदर्शन पुस्तकालय एवं प्रश्नमंच नेचर ट्रेल (प्रकृति पथ भ्रमण) सस्टेनेवल लाईफ स्टाईल/माई लाईफ स्वच्छता कार्यशाला जीवन कौशल प्रशिक्षण मोबाईल रहित जीवन शैली एवं प्रति शनिवार नेचर ट्रेल (प्रकृति भ्रमण)रविवार प्रेरक मूवी प्रदर्शन पर विषय विशेषज्ञों मेन्टर्स द्वारा एवं धर्मगुरु द्वारा नैतिक शिक्षा मेडिटेशन कार्य मे एकाग्रता पर बौद्धिक संवाद भी आयोजित किया गया समर कैम्प से तरासी गई प्रतिभाओ द्वारा समापन समारोह में विद्यार्थी मयंक रजक पुस्कालय प्रभारी उदय मार्को कांगो उद्रेश झारिया नेतृत्व क्षमता विकास श्री ओम साहू ढोलक दिव्यांश वासुक चित्रांश सूर्यांश योगेश झारिया ने वैदिक गणित श्रेया रजक ख्वाहिश पूर्वी साहू अंजिली धन्या भूमि काव्या गुप्ता आरना गुप्ता साक्षी ज्योत्सना धनेश्वरी ने सांस्कृतिक एवं जुम्बा एरोबिक्स ओर प्रस्तुती दी अंजू कछवाहा के हुनर ने तो स्कैचिंग से सबका दिल जीत लिया प्रसिद्ध हस्तियों एवं अतिथियों के चित्र बनाकर ड्रॉइंग बुक का प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी विद्यार्थियों द्वारा की गई।उल्लेखनीय यह भी है कि प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम की थीम पर कार्यक्रम में पुष्प माला गुलदस्ते बैच सभी कैम्प के विद्यार्थियों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों से तैयार किये गए जो कि पुराने कार्ड कागज से निर्मित थे कैम्प की प्रमुख ज्ञानवर्धक बातो को विद्यार्थियों ने मेरी सीख नामक कॉपी बनाकर लिपिबद्ध किया है।
जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने कहा संस्कार समर कैंप से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हुआ है इसकी में स्वयं साक्षी हूँ बच्चों मेन्टर्स एवं आयोजकों ने बहुत मेहनत की है सभी बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी।सभी विद्यार्थियों एवं मेन्टर्स सहयोगियों को प्रसस्थि पत्र, मेडल्स एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो कैम्प नोडल एवं आयोजन समिति सदस्य शैलेष गौर नायब तहसीलदार पीडी पटेल बीईओ गुरुप्रसाद साहू बीआरसीसी विपिन डेहरिया सीडीपीओ आरएस गुरूदेव आरपी झारिया लाजवंती जीवनानी जनशिक्षक अश्विनी कुमार साहू अमर उलाड़ी ऋषि नायक दर्शन कुशराम पार्वती साहू अनीता साहू सरिता गुप्ता लता साहू उमेश वर्मा जीवन कौशल ब्लॉक समन्वय प्रजापति ब्रम्हकुमारी से दीदी सीमा मेन्टर्स एवं बौद्धिक मार्गदर्शक एसडीएम अनुराग सिंह राघवेंद्र शर्मा प्रकल्प प्रभारी रामनारायण साहू वैदिक गणित अन्य विधा दीपक सोनी संजय साहू रंजीत साहू पूनम अवधिया रामभिषेक तिवारी अभिनव साहू शिवलाल मरकाम सोनेलाल परस्ते एलपी झारिया चित्रेश सेन उदयभान उपस्थित रहे मेन्टर्स की उत्कृष्ट सेवा एवं अच्छे प्रबंधन पर सम्मानित किया गया अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम संचालन अश्विनी कुमार साहू एवं कार्यक्रम में सभी के सराहनीय सहयोग केलिए आभार प्रदर्शन पीडी पटेल बीईओ द्वारा किया गया।

# पंचायत ने किसान के खेत में बनवा दिए परकुलेशन टैंक



**रोक लगे होने के बाद भी सचिव सरपंच करा रहे काम**
**मामला ग्राम पंचायत बरखेड़ा गांव का**

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमित्तायें और अनुपयोगी कार्य कराके जहां सरकारी बजट को चूना लगाया जा रहा है। वहीं पंचायत प्रतिनिधि हर कार्य में कमाई के चक्कर में कायदे-कानून ताक पर रखकर उनके पालन से बेपरवाह हैं उन्हें न जांच की चिंता है न अधिकारियों का डर है। ग्राम पंचायतों में सरंपच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की तिकड़ी का बेलगाम राज चल रहा है ।पहले भी ऐसे तमाम काम कराए गए जिनमें कमाई का रास्ता नजर आया। यहां तक कि कई अनुपयोगी काम भी करा दिए गए हैं ऐसे तमाम निर्माण कार्य कराके जिम्मेदारों ने अपना-अपना हिस्सा तो ले लिया पर यह निर्माण कार्य अनुपयोगी पड़े-पड़े बर्बादी की कगार पर हैं। मनरेगा के कार्य मशीनों से कराके फर्जी मस्टर भरे जा रहे हैं शिकायतों को अनदेखा करके जिम्मेदार मौन बने हैं इसे लेकर लोगों में नाराजगी है और कुछ मामलों में अधिकारी दिखावे के लिए कार्रवाई करके अपनी कमी छिपाने में जुटे हैं।
ऐसा ही मामला शहपुरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरखेड़ा का सामने आया है जहां परकुलेशन टैंक का निर्माण कार्य में भारी अनमितताएं की गई है किसान के निजी भूमि में पर्कुलेशन टैंक का निर्माण करवा दिया गया किसान ने राजस्व विभाग में आवेदन देकर रोक लगवा दिया इसके बावजूद चोरी चोरी सचिव सरपंच निजी स्वार्थ सिद्ध करने के चक्कर में काम करवा रहे है साथ ही साथ निर्माण कार्यों में भी नाबालिकों से भी काम करवाने के आरोप लग रहे हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पर्कुलेशन टैंक में काली मिट्टी की जगह पत्थर और मुर्म से बांध को बनाया गया और नाम मात्र की काली मिट्टी दिखावे के लिए प्रयोग किया गया है ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी यदि जांच टीम गठित कर पर्कुलेशन टैंक की जांच कराई जाए तो एक बड़ा खुलासा सामने आ सकता है।

## अमरपुर जिला पंचायत सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने किए श्रमदान

हरिभूमि न्यूज अमरपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत डिंडौरी कलेक्टर के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से लगातार सेक्टर बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम के जल स्रोतों जैसे नदी, नाले, तालाब, कुंआ की सफाई की जा रही हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार को ग्राम निघोरी में बैगा टोला तालाब की साफ सफाई की गई। जिसमें पॉलिथीन, कचरा, पत्थर, मालवा एवं झाड़ियां की सफाई की गई। श्रमदान के पूर्व चैपाल का आयोजन हुआ। जिसमें जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में अपने-अपने ग्रामों के छोटे-छोटे जल स्रोतों की साफ सफाई स्वयं से ग्रामवासियों को एकजुट होकर समय के पूर्व श्रमदान के माध्यम से उनके रखरखाव एवं मरम्मत करने हेतु कहा गया। इसके पश्चात जिला पंचायत सदस्य प्रीतम मरावी द्वारा जल के महत्व और उसका उपयोग को बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के विषय पर चर्चा करते हुए सभी को पौधारोपण करने को कहा गया।



जिससे पर्यावरण संतुलित रहे और हमें जल की कमी ना हो और शुद्ध वातावरण बना रहे। जिससे कोरोना जैसी महामारी एवं जल का संकट उत्पन्न ना हो तथा पूर्व में गांव के रहन-सहन खान पान की चर्चा करते हुए बताएं कि हम पहले स्वयं से नदी नालों की सफाई कर लिया करते थे किंतु जब से शासन की योजनाएं लागू हुई तब से हम शासन पर निर्भर हो गए हैं। अब हम शासन के निर्भर न होकर अपने-अपने ग्रामों की छोटे-छोटे जल स्रोतों की साफ सफाई एवं पौधारोपण स्वयं से करने को कहा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रीतम मरावी, ग्राम पंचायत सरपंच शोभाराम धुर्वे, उप सरपंच सुरेश कुमार साहू, केहर सिंह मरावी शिक्षक, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अमृत सिंह मरावी, जय सिंह मरावी ग्राम सभा अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिकों में सोहन सिंह धुर्वे, सरिता बाई गोटिया, लाखन सिंह मरावी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इन्द्रकली मरावी, प्यारकली, कमलवती धुर्वे आशा कार्यकर्ता, सुमंत्री कुशराम, स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ गोरी जगने, नवांकुर कार्यक्रम समन्वयक बरतु सिंह मरकाम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय जमीन पर घर बनाकर किया अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** तहसील बजाग के अधिकारी और कर्मचारियों के कार्यप्रणाली हमेशा से ही सवालों के घेरे में रही है, जिसमें रसूखदारों और नेताओं को मनमानी पूर्वक नियमों को ताक पर रखकर संरक्षण प्राप्त होता रहा है। जिसका फायदा क्षेत्र में सत्ता धारी दल के नेता उठाते रहे हैं। क्षेत्र में अनेक सत्ता धारी दल के नेताओं द्वारा सत्ता का फायदा उठाते हुए अवैध रूप से घर बनाकर रहने तथा विभागीय सांठगांठ कर शासकीय जमीन पर जबरन कब्जा करने के मामले सामने आ रहे हैं। हम बात कर रहे हैं तहसील मुख्यालय बजाग से सटे ग्राम पंचायत पडरिया डोंगरी की, जहां विभागीय अधिकारियों की उदासीनता और मनमानी के चलते पिछले 7 साल से एस डी एम के आदेश की अवहेलना की जा रही है। ग्राम पंचायत पडरिया डोंगरी में शासकीय नौकरी से सेवानिवृत्त होने वाले राजकुमार सोनी पिता ब्रज भूषण सोनी की पत्नी करूणा सोनी के नाम पर नियम विरुद्ध तरीके से वेटनरी विभाग को आवंटित जमीन को तत्कालीन राजस्व अमले से सांठगांठ करके 4 आरे जमीन का पट्टा जारी कर दिया गया। और उसमे वर्तमान में लाखों रूपए का आलीशान माकान बना लिया गया है।ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत पडरिया डोंगरी में खसरा नंबर 682ध्2 पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के आदेशानुसार समन्वयक, म.प्र. राज्य आजीवन मिशन संकुल बजाग के पत्र क्रमांक 85ध् एन आर एल एमध् 2016, 22ध्06ध्2016 के ततसंबंध में शासकीय भवन के आसपास हो रहे अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाने का आदेश किया गया था वहीं इस आदेश का हवाला देते हुए न्यायलय तहसील ने पत्र क्र0ध्प्रवा0 तह0ध् 2016ध्797 बजाग दिनांक 25ध्07ध्2016 को करूणा सोनी पति राजकुमार सोनी को बेदखली वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद से आज दिनांक तक विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता और मनमानी के चलते अतिक्रमण की कार्यवाही नहीं की गई थी। जबकि इस जमीन पर सोनी परिवार और लगातार विस्तार करते हुए अतिक्रमण कर रहा है। अनेक बार इनके अतिक्रमण पर सीमांकन और प्रतिवेदन बनत यह रहा है वहीं राजस्व के अफसरों के द्वारा अतिक्रमण की कार्यवाही पर कोताही बनती जाती रही है। अब देखना यह है कि इस तरह की उदासीनता को प्रकाशित होने पर क्या कार्यवाही की जाएगी या जानकारी के बाद भी विभागीय अमला मूकदर्शक बना रहेगा।

### इनका कहना है

उस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है, आदेश मिल जाए तो कोई कार्यवाही करेंगे।

**-धनीराम कुशराम, राजस्व निरीक्षक मंडल बजाग**

शासकीय बिल्डिंग से मकान सटाकर यदि अतिक्रमण किसी के द्वारा अतिक्रमण किया गया है तो कार्यवाही किया जाना चाहिए।

**-लोकेश पटेरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष**

# संविदाकार को नहीं हुआ कार्य का भुगतान, कलेक्टर से लगाई गुहार



**अनूपपुर।** कृष्णा कंस्ट्रक्शन के राजीव गुप्ता ने कलेक्टर अनूपपुर को शिकायती आवेदन देकर कार्य के बदले रूके चार लाख पैंसठ हजार रूपये दिलवाने की मांग की है। आवेदन मे लिखा गया कि कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि के अन्तर्गत स्वीकृत सामतपुर तालाब में घाट एवं बाउण्ड्री बॉल, पेवर ब्लॉक, जी.आर.आई. चैन लिंक, फेसिंग एवं टैंक का निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशानुसार निर्माण एजेन्सी लोक निर्माण विभाग के स्थान पर नगर पालिका को नियत करने के निर्देश दिये गये। उक्तानुसार उक्त कार्य का अंतिम देयक तैयार किया गया। उपयुक्त प्रमाण पत्र तैयार कर आपकी ओर प्रेषित किया गया था जो लोक निर्माण पत्र क्रमांक 2306 दिनांक 02.01.2024 को मेरे द्वारा पत्र भेजा गया जिसकी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसमें ठेकेदार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ठेकेदार को अनूपपुर के व्यापारी को मटेरियल का पेमेन्ट देना बाकी है। जिसके चैक बाउन्स के केस हाईकोर्ट अनूपपुर में विचाराधीन है। कृपया मेरा अंतिम देयक का भुगतान जल्द से जल्द किया जावे, अन्यथा मुझे 15 जुलाई 2024 को अपनी पत्नी व दोनो पुत्रियों के साथ मुख्यमंत्री के निवास पर जाकर आत्महत्या करने हेतु विवश होना पडेगा। आवेदक ने अंतिम देयक का भुगतान करने की गुहार लगाई है।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता- मंत्री

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने की कोतमा के निकायवार निर्माण कार्यों की समीक्षा



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाये। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसे सही स्वरूप में धरातल पर उतारना विभागों का लक्ष्य हो। उन्होंने कहा कि जनहितैषी कार्य को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विभाग यह सुनिश्चित करें कि लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, हर स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए और कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए विकास कार्य और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारी सजग रहे। श्री जायसवाल अनूपपुर जिले के नगर परिषद बिजुरी कार्यालय के सभागार में विधानसभा क्षेत्र कोतमा की निकायवार निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

### नागरिकों के संतुष्टि का ध्यान रखा जाए विशेष

बैठक में राज्यमंत्री ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र का विकास आदर्श स्वरूप में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जन-प्रतिनिधि और शासकीय अमला प्रभावी रूप से गतिविधियाँ संचालित करें। विकास गतिविधियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता और जनता के संतुष्टि के स्तर का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण हो। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि प्रति तीन माह में जन-प्रतिनिधियों विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी अधिकारियों की बैठक अवश्य हो, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण और समय-सीमा में उनकी पूर्णता के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि शासन की जनहितकारी योजनाओं के लाभ से कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

## खबर संक्षेप

### पत्नि के हत्यारे आरोपी को कारावास

**हरिभूति न्यूज - नरसिहपुर ।** न्यायालय प्रथम सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार धाकड के न्यायालय द्वारा आरोपी भागवत रघुवंशी को आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि ग्राम कोटवार आकाश मेहरा निवासी सिमरिया कला ने मोबाईल से सूचित किया था कि कुलदीप प्रजापति के खेत पर बनी टपरिया में गौरी बाई पति भागवत रघुवंशी उम्र 35 साल निवासी ग्राम हिरदेनगर थाना महाराजपुर जिला मंडला मृत अवस्था में पडी है। सूचना पर रवानगी दर्ज कर चैकी के शासकीय वाहन से हमराह स्टाफ कुलदीप प्रजापति के खेत पर बनी टपरिया में पहुंचा और मौका मुआयना कर साक्षीगण के समक्ष मौका पंचनामा तैयार किया। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी को भा.द.वि. की धारा 302 का दोषी पाते हुऐ आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### नरसिंह तालाब में की साफ- सफाई



**हरिभूति न्यूज - नरसिहपुर ।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन एवं जल संरक्षण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के परिपालन नरसिंह मंदिर में स्थित नरसिंह तालाब में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा तालाब की साफ सफाई की गयी। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा के मार्गदर्शन एवं लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर एनसी.सी. अधिकारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में युवराज लोधी, सीनियर कैडेट, संदीप ठाकुर, सौरभ प्रजापति, भावेश ठाकुर, शिवानी जाटव, शिवम ठाकुर, की अहम भूमिका रही।

### नसबंदी शिविरों का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिहपुर ।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत माह जून- 2024 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी (एनएसव्हीटी/ एलटीटी) फिक्स- डे सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। एलटीटी एनएसव्हीटी सर्जन जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. नम्रता शुक्ला द्वारा जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नसबंदी ऑपरेशन बुधवार एवं गुरूवार को किये जायेंगे। फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल पर मानकों के आधार पर सेवायें दी जावेंगी। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी 19 व 25 जून को ग्रामीण व शहरी नरसिंहपुर और 20 व 27 जून करेली क्षेत्र के हितग्राही शामिल होंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे ने दी है।

### आज से मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में जलाशय, तालाब, नदी, नालों में मत्स्याखेट पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने मप्र नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लिया गया है, उन पर मत्स्याखेट निषेध का यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि बंद ऋतु की अवधि में जिले में अवैधानिक मत्स्याखेट परिवहन क्रय- विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध मप्र मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जावेगी। शासन के निर्देशों और निर्धारित नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की दोष सिद्धि पर उसे एक वर्ष तक के कारावास या 5 हजार रूपये तक के जुर्माना से दंडित किया जा सकेगा।

### जिला स्तरीय दस्तक अभियान संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

# बच्चों को कुपोषण, एनीमिया जैसी बीमारियों से होगा बचाव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिहपुर ।** गत दिवस जिले मे पदस्थ समस्त एएनएम एवं एलएचव्ही का जिला स्तरीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. राकेश बोहरे के निर्देशन में 13 जून एवं 14 जून को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित कर प्रत्येक बच्चे को आवश्यकतानुसार उपचार, सलाह एवं रेफर कार्य किया जाए। दस्तक अभियान में समस्त 09 माह से 5 वर्ष के बच्चों को समस्त 11 प्रकार की सेवायें प्रदान की जाए। जिले की समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर जिंक, ओआरएस कार्नर बनाए जाए।

### घर -घर जाकर करें सर्वे

25 जून से 27 अगस्त 2024 तक आयोजित आगामी 02 माह तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जाकर बाल्यवस्था में होने वाली बीमारियों का आंकलन कर रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन करेंगे। दस्तक अभियान के तहत दस्त, गंभीर कुपोषण की पहचान, एनीमिया, बच्चों में जन्मजात विकृतियों एवं टीकाकरण से शेष रहे बच्चों का चिन्हांकन करेंगे और उन्हें उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी तथा टीकाकरण आदि की सेवायें प्रदान की जाएगी। दस्तक अभियान के तहत टीमों द्वारा समस्त शिशु एवं बच्चों की स्क्रीनिंग तथा मानीटरिंग के लिए नियुक्त टीमों द्वारा निगरानी रखी जाए।

### एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग की जावे

संभागीय समन्वयक एविडेंश एक्शन डॉ. दुर्गा प्रसाद कटरे द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम बताया कि दस्तक अभियान के दौरान विभिन्न कार्य संपादित किए जाएंगे। अभियान के तहत 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 6 माह से 5 वर्ष तक बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्तक रोग की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरुकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस वितरित करें।

### दो माह तक चलेगा अभियान

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील पटैल ने कहा कि प्रदेश में बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से विभागों द्वारा प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। मैदानी स्तर पर ब्लॉक स्तर से दिए गए प्लान अनुसार सभी एनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टीम बनाकर घर- घर दस्तक देकर सेवायें प्रदान करें। 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन समुदाय में बीमार नवजातो और बच्चों की



पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल। 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रोटोकॉल आधारित प्रबंधन, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को आयु अनुरुप विटामिन ए अनुपूरण, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरुकता में बढ़ावा और प्रत्येक घर में गृह भेंट के दौरान ओआरएस पहुँचाना है। उक्त अभियान दो माह तक चलेगा ।

### शिशु एवं बाल आहार पूर्ति की दें समझाइश

बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान एवं उनका आरबीएस के कार्यक्रम से संबद्धीकरण करना। श्रवण बाधित एवं दृष्टि दोष की पहचान पुष्टि कर आरबीएस के कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित कराना। समुदाय में समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना। एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन। गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना और श्रवण बाधिता एवं दृष्टि दोष की पहचान एवं रेफर। इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सोधिया, डॉ. उपेन्द्र बस्त्रवार, डॉ. अमित सोनी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भारती चैरसिया, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर मुकेश रघुवंशी, आहार विशेषज्ञ श्रीमती मनीषा नेमा, विनोद प्रजापति, बीपीएम, बीसीएम हेमन्त सोनी, दुर्गा प्रसाद कटारे, संभागीय समन्वयक एविडेंस एक्शन मौजूद थे।

## माय भारत पोर्टल एंड डिजिटल लिटरेसी पर प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूति न्यूज - करेली ।** आदर्श शिक्षण समिति द्वरा संचालित महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में रानी दुर्गावती विश्विद्यालय द्वारा निर्देशित माय भारत पोर्टल एंड लिटरेसी का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें नरसिहपुर जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवको ने अपनी उपस्थिति दर्ज की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना विश्विद्यालय समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा को विस्तार पूर्वक समझते हुए कहा कि भविष्य में होने वाली हर गतिविधि माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक होगा जिला संगठक डॉ दिलीप पाठक ने कहा कि माय भारत पोर्टल विकसित भारत 2047 का एक विजन है महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार ने कहा कि समय के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए सभी व्यक्तियों को डिजिटल साक्षरता के साथ कौशल भी प्राप्त करना होगा रासेयो एक जीवन शैली है उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है और इस युवा भारत पोर्टल पर युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है मास्टर ट्रेनर के रूप में आए हुए एलएनसीटी महाविद्यालय जबलपुर के सहा. प्राध्यापक अजय नारायण पटेल ने माय भारत पोर्टल एवं डिजिटल लिटरेसी का प्रायोगिक प्रशिक्षण देते हुए माय भारत पोर्टल पर पंजीयन, इवेंट क्रिएट करना, एक्सपीरियांशियल लर्निंग अपॉरचुनिटी आदि को विस्तार पूर्वक समझाया कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम योजना अधिकारी प्रदीप दुबे ने किया।

## जीवन मूल्य व संस्कृति को संरक्षित रखना जरूरी: विनोद

**हरिभूति न्यूज - करेली।** शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर बसखेडा करेली में आयोजित विभागीय नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के वंदना सत्र में विनोद नेमा सह प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नव चयनित प्रशिक्षिणार्थियो को अपने उद्बोधन में कहा कि, हमारा देश पीढ़यों तक विदेशी आक्रांताओं के आधीन रहा किन्तु हमारे पूर्वजों ने अपना धर्म एवं संस्कृति को नहीं भूले। विदेशी आक्रांताओं द्वारा हमारी संस्कृति एवं जीवन मूल्यों को नष्ट-भ्रष्ट करने का कुत्सित प्रयास किया। यातनाएं सहनी पड़ी किन्तु फिर भी हमारे जीवन मूल्य अक्षुण्ण बने रहे। हमारे देश को उनके द्वारा लूटा गया। सभी प्रकार से आक्रांताओं द्वारा हमारी संस्कृति




को हानि पहुंचायी गई। किन्तु आज भी हमारे जीवन मूल्य एवं संस्कृति जीवित है। आज आप सभी पर अब इसे संरक्षित करने का महत्वपूर्ण दायित्व आ गया है। इस अवसर पर भगवान सिंह पटेल उपाध्यक्ष भाऊराव शिक्षण समिति पिपरिया रांकई चै. पूरन लाल पटेल सचिव भाऊराव शिक्षण समिति पिपरिया रांकई नरसिंहपुर जिला समन्वयक गोविन्द सिंह किरार, जिला समन्वयक जबलपुर मनीष कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक कटनी नरेन्द्र गौतम, राजेश किरार, एन.जे.एम. प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता आचार्य शैलेन्द्र सिंह, पूरन लाल चढ़ार, राजकुमार मुख्य शिक्षक, हेमन्त पटेल, माखन सिंह राजपूत, हेमंत पटेल चरन लाल प्रजापति, आदि उपस्थित थे।

## सीपीएमयू समीक्षा सह बैठक संपन्न

**हरिभूति न्यूज - नरसिहपुर ।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शालाओं में आवश्यक तैयारियां करने एवं शाला में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के नरसिंहपुर जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत दस जन शिक्षा केंद्र पर सभी संस्था प्रमुख की जनशिक्षा केंद्र स्तरीय बैठक जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बी आर सी ओ पी राय की अध्यक्षता, जनशिक्षकों की उपस्थिति में पृथक पृथक जन शिक्षा केंद्र पर आयोजित की गई। जिसमें बी आर सी ओ पी राय, सहायक संचालक शिक्षा सह विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री प्राशी अग्रवाल ,विकासखंड सह समन्वयक विजय नामदेव की उपस्थिति में सी पी एम यू बैठक आयोजित की गई । जिसमें बी आर सी, एवं बी ई ओ ने कहा कि नवीन शैक्षणिक सत्र पर शासन की मंशा अनुरूप भयमुक्त, आनंददायक वातावरण में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए शाला का माहौल छात्रों के अनुकूल, आकर्षक एवं प्रेरणादायक होने के साथ ही शासन की योजनाओं का कियान्वयन समय पर एवं निर्देशानुसार हो, शाला संचालन में समुदाय की सहभागिता हो इसको भी ध्यान में रखकर शाला की कार्ययोजना तैयार की जाए ,शाला भवन, शाला परिसर एवं शौचालयों की



समुचित साफसफाई करावें। पक्के शालाभवनों में अक्सर छत से पानी के रिसाव एवं सीलन की समस्या सामने आती है इसके लिए बरसात के पूर्व छत के ऊपर जमा धूल. मिट्टी पत्ते आदि को साफ करावें। आवश्यक हो तो उसके ऊपर डेम्प प्रूफ की पुताई करावें। खपरैल छप्पर की मरमम्त करावें। कक्षा पहली में एक अप्रैल की स्थिति में को बच्चा 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो उसे ही प्रवेश दे। विद्यालय में पुस्तकालय का निर्माण करें। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 18 जून से 22जून 2024 तक विद्यालय स्तर के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराएं। शाला प्रवेशोत्सव पर 19 जून को एसएमसी और पालक अभिभावक बैठक आयोजित करें। जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। पाठ्य पुस्तकें वितरित करें। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत सर्वे कार्य पूर्ण कर लें। अक्षर पोथी और 5 वी की अंकसूची, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान न होना एवं निर्धारित बिंदुओं को आधार मानकर असाक्षर का सर्वे एप के माध्यम से किया जाए। उक्त अवसर पर जनशिक्षक एच पी कोरी द्वारा विद्यालय प्रबंधन में उपयोगी दस्तावेज की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा, सी ए सी राजकुमार कुशवाहा उपस्थित रहे।

## सिद्धबाबा झिरना में किया गया श्रमदान

**हरिभूति न्यूज - नरसिहपुर ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिद्ध बाबा झिरना बाईपास रोड नरसिंहपुर में श्रमदान कर सफाई और सिल्ट हटाकर गहरीकरण का कार्य जनअभियान परिषद, स्थानीय प्रशासनिक अमले और आम नागरिकों द्वारा किया गया। श्रमदान पश्चात जिला समन्वयक जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने सभी को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल स्रोतों की स्वच्छता, गहरीकरण, उनके पुनर्जीवन एवं पौधारोपण के लिए नियमित रूप से कार्य करने की शपथ दिलाई गई।इस कार्य में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद, स्वच्छ भारत मिशन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नवांकुर संस्था ब्रह्मर्षि वशिष्ठ शिक्षण प्रशिक्षण एवं सेवा समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरगांव (अंडिया) वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति राजीव वार्ड एवं नरसिंह वार्ड, नवांकुर संस्था यू- साथी समिति नरसिंहपुर एवं प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों व प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दी। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा ने बताया कि यह अभियान जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 16 जून 2024 गंगा दशहरा तक मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के समन्वय से सम्पूर्ण जिले कि सभी पंचायतों तथा नगरीय निकायों में चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान वर्षा



जल के संग्रहण व संवर्धन के लिए कुआँ, तालाब, बावड़ियों, नदियों एवं अन्य जलस्रोत व संरचनाओं के संरक्षण व पुनर्जीवन के लिए कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं छात्र- छात्राओं तथा स्वेच्छिक संगठनों की सामुदायिक सहभागिता से किया जा रहा है।

## जल संवर्धन: जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की जरूरत

तेंदूखेड़ा- सरकार द्वारा जल संरक्षण संवर्धन और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में पांच जून पर्यावरण दिवस से सोलह जून गंगा दशहरा तक जल गंगा अभियान चलाया जा रहा है। एक दिन ही शेष है। विभिन्न गांवों में कुआ बाबडी बहर तथा अन्य जल स्रोतों की साफ सफाई की गई तो कहीं कहीं पौधारोपण भी किया गया।तो कहीं कहीं यह अभियान फोटो खिंचवाने तक सीमित रहा।इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च भी किये लेकिन जब तक धरातलीय स्तर पर काम नहीं होंगे तब तक उद्देश्य की पूर्ति हो पाना संभव नहीं दिखता।तो तीन दिन बाद मानसून दस्तक देगा। गांव गांव पक्के सड़क मार्गों के कारण जमीनों से बरसात का पानी बहकर चला जायेगा। लेकिन इस बरसाती जल



को रोकने की जरूरत है।या तो शोक पिट गढ्ढों में पानी डालने या आलीशान भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर भूमिगत जल बढ़ाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से प्राचीन कुआं बावड़ियों तालाबों में भी बरसाती जल डालने की जरूरत है जब इनमें पानी भरा रहेगा तो निश्चित ही जमीनी जल स्तर भी बढ़ेगा। क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनने से उनमें वर्ष भर पानी रुकने से जमीनी जल स्तर बढ़ाने मवेशियों को पीने का पानी लोगों का निस्तार भी सहजता से संभव हो सकेगा।इस विषय को लेकर क्षेत्र के वरिष्ठ बुद्धिजीवी वर्ग ने अपने अपने कुछ सुझाव दिए हैं।

### बहते हुए बरसाती जल रोकने हों प्रयास

ढिलवार ग्राम के प्रतिष्ठित एवं पानी की समस्या से काफी लंबे समय से प्रभावित रामकुमार ठाकुर का कहना है कि जल स्रोतों की साफ सफाई के साथ उनकी गहराई की जाये। बरसाती जल को रोकने की दिशा में इन जल स्रोतों में डालने के प्रयास हो।जब तक जमीनी जल स्तर नहीं बढ़ाने के प्रयास नहीं किए जायेंगे तब उद्देश्य की पूर्ति होना संभव नहीं है। तथा प्राचीन जल स्रोत क्षति ग्रस्त या उपेक्षित पड़े हुये है उन्हें सहेजने की आवश्यकता है।

### नदियों पर बने स्टाप डेम



समीपी ग्राम इमझिरा के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पाठक का कहना है कि क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनने से आस पास नलों ट्यूब बेलों का पानी बढ़ेगा। और जमीनी जल स्तर भी। दिखावा और फोटो खिंचाने की जगह प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानकर जल संवर्धन गतिविधियों में संलग्न होना चाहिए।इसी तरह से पुण्य सलिला मां नर्मदा को साफ सुथरा बनाये जाने के साथ प्रत्येक गांव और शहर में नर्मदा जल लाये जाने बड़ी मात्रा में दोहन हो रहा है। लेकिन नर्मदा जल को बढाये जाने कोई भी प्रयास नहीं हो रहें हैं। यदि इसी तरह से चलता रहा तो एक दिन गंभीर समस्या खड़ी हो जायेगी। वहीं नर्मदा नदी में प्रदूषित पानी निस्तार का पानी छोड़ने निस्तारी नालों को जोड़ा जा रहा है। इससे नर्मदा प्रदूषित ही हो रही है।

### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू हो



प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी रिटायर्ड शिक्षक सुदामा प्रसाद गुप्ता का मानना है कि हम जिस अनुपात से पानी का दोहन कर रहे हैं उसी अनुपात से हमें जमीन में पानी सहेजने की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक भवन निर्माण में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए। घरों से बहने वाले पानी छतों से बरसात के दिनों में बहने वाले पानी को इस स्टिम के जरिए जमीन में डालना चाहिए। शासन प्रशासन को भी चाहिए कि प्रत्येक सरकारी भवनों में यह व्यवस्था प्राथमिकता से तय कर देनी चाहिए। और उचित क्रियान्वयन भी आवश्यक है।

## ग्रामीणों द्वारा पट्टे की मांग, दिया आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिहपुर।** गत दिवस ग्राम बदरोहा आदिवासी समाज के करीब 1 दर्जन लोगो द्वारा आवास एवं कृषि के लिये भूमि की मांग करते हुये पट्टा बनाने की बात कही गई । आवेदन मे बताया गया है कि वह लंबे समय से उक्त भूमि पर निवास कर रहे है तथा कृषि कर अपना जीवन यापन करते चले आ रहे है। लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा उक्त भूमि को खाली कराने के चक्कर मे हमारी गृहस्थी का सामान तोड़फोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश का पालन भी नहीं किया गया साथ ही वन मित्र पोर्टल द्वारा दिया गया विवरण का भी पालन नहीं किया गया है। उक्त मौके पर भगवान ठाकुर, जमना प्रसाद, रघुनाथ गोंड, जलवा बाई गौड़, गनपत ठाकुर, चैन सिंह गौड़, इमरत लाल ठाकुर, आदि मौजूद रहे।



### इंदु सिंह महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित

**हरिभूति न्यूज - नरसिहपुर।** अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ एवं अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा योग महाकुम्भ 2024 के अंतर्गत राष्ट्रीय योगवीर सम्मान का आयोजन 13-14 जून को श्रीरामलला की नगरी अयोध्या में किया गया। जिसमें आयुष प्रमाणित योग शिक्षिका व काया योग सेंटर की संचालिका सुश्री इंदु सिंह को राष्ट्रीय महर्षि पतजंलि योग रत्न सम्मान से सम्मानित गया। सुश्री इंदु सिंह नगर की जानी-मानी स्वतंत्र लेखिका, सक्रिय समाज सेविका, योग प्रशिक्षक होने के साथ-साथ विगत 6 वर्षों से काया योग संस्थान भी संचालित कर रही हैं। इसके पूर्व भी उन्हें लेखन, समाज सेवा व योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। योग में उनके द्वारा पूर्व में अलग-अलग सामूहिक योगासन आयोजनों में उष्ट्रासन, पाद हस्तासन, नमस्कार मुद्रा में वीर भद्रासन, सूर्य नमस्कार आदि में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाये जा चुके हैं। वे योग के क्षेत्र में सतत अभिनव प्रयोग व नवाचार करते हुए उसके अंतर्गत नवीन विधाओं का समावेश कर उसे विस्तार देती रहती है। फिट इंडिया की तर्ज पर फिट नरसिंहपुर अभियान को चलाने वाली सुश्री इंदु सिंह नगर की महिलाओं को आजीवन स्वस्थ बनाने के लिए संकल्पित और उनका प्रयास सराहनीय ही नहीं कल्याणकारी भी है उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतको द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की है ।

